आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 मार्च 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज उन्नाव, फर्रूखाबाद और बरेली में आठ सौ सत्तावन करोड़ रूपये से अधिक के लागत की दो सौ उन्नहत्तर विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। सबसे पहले मुख्यमंत्री ने उन्नाव के फतेहपुर चौरासी स्थित ग्राम चंद्रिकाखेड़ा में शहीद गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण किया। उसके बाद दो सौ इक्तालीस दशमलव दो छह करोड़ की एक सौ तीन परियोजनाओं की जनपद वासियों को सौगात दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले दस वर्षों में भारत ने विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। इसी का परिणाम है कि भारत विश्व गुरु के रूप में उभरता हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के अगले कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनपद फर्रूखाबाद में दो सौ अठ्ठासी दशमलव दो पांच करोड़ की 102 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले दुनिया में भारत का अपेक्षित सम्मान नहीं मिला। त्योहारों से पहले कर्फ्यू लग जाता था। लेकिन आज सब कुछ बदल गया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने जनपद बरेली में तीन सौ अठ्ठाइस करोड़ की चौंसठ विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि चीन के उत्पादों को हमने अपने मार्केट से बहुत दूर कर दिया है। यही हमारे एमएसएमई यूनिट्स की ताकत का परिणाम है। इससे बड़ा राष्ट्रवाद क्या हो सकता है, अगर हमारे घर का उत्पाद मार्केट में छा रहा है तो हमें भी उसे प्रोत्साहित करना होगा और प्रेरित करके प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराना होगा। आज दीपावली, विजयदशमी, ईद और क्रिसमस पर यूपी के उत्पाद ही मार्केट में देखने को मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री आज लखनऊ के लोकभवन सभागार में एमएसएमई क्षेत्र हेतु आयोजित 30,826 करोड़ के मेगा ऋण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्नाव में स्वीकृत प्लेज पार्क के विकासकर्ताओं को चेक वितरित किया। वहीं उन्होंने औद्योगिक भूखंडों के आवंटन के लिए ऑनलाइन पोर्टल का भी शुभारंभ किया।

****

फर्जी तरीके से शस्त्र लाइसेंस प्राप्त करने के मामले में वाराणसी के विशेष न्यायधीश अवनीश गौतम की अदालत ने आज पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी को आजीवन करावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने सजा के अंतर्गत दो लाख रूपये का जुर्माना भी पूर्व विधायक पर लगाया गया है। अगर पूर्व विधायक जमाने की राशि अदा नहीं कर पाते हैं तो सजा एक साल और बढ़ जाएगी।

मामले की सुनवाई के दौरान बांदा जेल में बंद मुख्तार अंसारी, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ा रहा। इस प्रकरण की जानकारी देते हुए अधिवक्ता नित्यानंद ने बताया कि मुख्तार अंसारी ने दस जून उन्नीस सौ सत्तासी को दोनाली बंदूक के लाइसेंस के लिए गाजीपुर के जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया था। आरोप है कि पूर्व विधायक ने गाजीपुर के तत्कालीन डीएम एवं एसपी के फर्जी हस्ताक्षर से संस्तुति प्राप्त कर शस्त्र लाइसेंस ले लिया था। मामला उजागर होने पर सीबीसीआईडी ने चार दिसंबर 1990 को मुहम्मदाबाद थाने में मुख्तार अंसारी, तत्कालीन डिप्टी कलेक्टर समेत पांच नामजद एवं अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंगाई भत्ते में चार फीसदी वृद्धि पर सहमति देकर प्रदेश के 16 लाख राज्य कर्मियों को होली का उपहार दिया है। इस बढ़ोत्तरी के बाद राज्य कर्मचारियों को अब 46 फीसदी की बजाय 50 फीसदी की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। यह आदेश एक जनवरी दो हजार चौबीस से प्रभावी होगा। अपर मुख्य सचिव ने महंगाई भत्ते में वृद्धि का आदेश जारी कर दिया है।

****

आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज अमरोहा स्थित शर्मा देवी बालिका इण्टर कालेज की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली को प्रधानाचार्य चारू शर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस कॉलेज परिसर पर आकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्राओं ने आम जनमानस को मतदान के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर सुधीर कुमार ने सभी को मतदान की शपथ दिलाई।

****

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रव्यापी अभियान, ग्राम परिक्रमा यात्रा के समापन समारोह का आयोजन आज वाराणसी के नीचीबाग कार्यालय में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक व पूर्व राज्यमंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी ने कहा कि चाहे सांगठनिक या सेवा के कार्य हो, या लाभार्थी योजनाओं का प्रचार प्रसार हो किसान मोर्चा अग्रणी रहता है। उसकी जो भी भूमिका राष्ट्रीय या प्रदेश स्तर पर तय होती है, उस भूमिका को सुनिश्चितता, दृढ़ता तथा उच्च स्तरीयता के साथ बहुत ही संजीदगी से पूरा करता है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बृजनंदन भी मौजूद रहे।

****

लोकसभा चुनाव–दो हजार चौबीस के सकुशल आयोजन को लेकर आज जौनपुर में मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में कर्मचारियों को निर्वाचन दायित्व और उनसे संबंधित समस्त रिपोर्ट के प्रारुप तैयार करने हेतु विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

****